7

सं०सं०–2 / कोर्ट–41 / 2025–

**बिहार सरकार**

**स्वास्थ्य विभाग**

**प्रेषक,**

**विनोद कुमार पाठक,**
**सरकार के उप सचिव**

**सेवा में,**

**महालेखाकार** (ले० एवं ह०) बिहार
**वीरचन्द पटेल पथ, पटना।**

पटना, दिनांक      /    / 2026

**विषय : स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर के पेंशन / उपदान की स्वीकृति के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर के दिनांक–18.01.1994 से उनकी सेवानिवृत्ति की तिथि 28.02.2003 तक के अनाधिकृत रूप से अनुपस्थित अवधि को मानो की वह सेवा में नहीं है, अर्थात पेंशन के लिए सेवा गणना नहीं की जाएगी।

उल्लेखनीय है कि स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह के दिनांक–17.01.1994 को सेवा की अंतिम तिथि मानते हुए इन्हें अनुमान्य पेंशन / उपदान एवं दिनांक–02.05.2025 के मृत्यु के फलस्वरूप उनके पत्नी श्रीमती उषा कुमारी सिंह को पारिवारिक पेंशन एवं मृत्यु–सह–सेवानिवृत्ति उपदान की स्वीकृति प्रदान की जाती है।

(2) उक्त आदेश इस शर्त्त के साथ प्रदान किया जाता है कि यदि इनके विरुद्ध किसी बकाया राशि / असमायोजित अग्रिम आदि की वसूली का मामला प्रकाश में आता है तो उसकी वसूली नियमानुकूल की जाएगी।

(3) इस पत्र के साथ निम्नलिखित अनुलग्नक संलग्न है :–

(i) पेंशन प्रपत्र दो प्रति में
(ii) फोटो– स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह के पत्नी श्रीमती उषा कुमारी सिंह का फोटो
(iii) हस्ताक्षर का नमूना
(iv) सदस्यता प्रमाण–पत्र
(v) सेवा इतिहास
(vi) मृत्यु प्रमाण–पत्र

(4) अनुरोध है कि सभी प्रकार के बकाया के संबंध में पूर्णतः संतुष्ट होने के उपरान्त प्राधिकार पत्र निर्गत करने की कृपा की जाए ।

**विश्वासभाजन**

**ह0 / –**

**(विनोद कुमार पाठक)**
**सरकार के उप सचिव**

**ज्ञापांक–2 / कोर्ट–41 / 2025–** 1977(2) **पटना, दिनांक** 13 / 8 / **2026**

**प्रतिलिपिः** असैनिक शल्य चिकित्सक–सह–मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी, वैशाली (हाजीपुर) / अधीक्षक, सदर अस्पताल, हाजीपुर को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेश दिया जाता है कि स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, दीर्घकालीन बाकी / बेबाकी प्रमाण–पत्र, विभागीय बकाया रहित प्रमाण–पत्र एवं आवास बकाया रहित प्रमाण–पत्र सीधे महालेखकार, बिहार को भेजते हुए इसकी सूचना विभाग को भी दी जाय।

**प्रतिलिपिः** कोषागार पदाधिकारी, पटना समाहरणालय / श्रीमती उषा कुमारी सिंह पत्नी स्व० (डा०) अंजनी कुमार सिंह, भूतपूर्व चिकित्सा पदाधिकारी, सदर अस्पताल, हाजीपुर पत्राचार का पता–फ्लैट नं०–1, ब्लॉक–2, मधुबन आवास, सम्पतचक, लोहियानगर, पटना, पिनकोड–800020 / प्रशाखा पदाधिकारी 3 / 9 एवं 18ए को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

**प्रतिलिपि :** आई०टी० मैनेजर, स्वास्थ्य विभाग को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12/8/26
**सरकार के उप सचिव।**

D>Sec-2>2026>PEN 2026